वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 158 गुरुवार 5 अक्टूबर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# कश्मीर घाटी के बच्चों ने किया संविधान उद्यान का भ्रमण

## राज्यपाल मिश्र ने विद्यार्थियों से संविधान संस्कृति के बारे में किया संवाद




**जयपुर. कासं**

भारत दर्शन यात्रा के तहत कश्मीर घाटी के 26 विद्यार्थियों ने बुधवार को राजभवन में संविधान उद्यान का भ्रमण किया। उन्होंने राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात कर संविधान निर्माण और उसे लागू किए जाने की यात्रा के विभिन्न चरणों पर संवाद भी किया। राज्यपाल मिश्र ने इस दौरान कहा कि संविधान देश का सर्वोच्च विधान है। इसका आरंभ ''हम भारत के लोग'' की उद्दात दृष्टि से होता है। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता से परिपूर्ण भारत की धरती सभी को मिलकर रहने की सीख देती है। उन्होंने संविधान प्रदत्त अधिकारों के साथ कर्तव्यों की पालना के लिए भी सभी को सजग रहने का आह्वान किया। राज्यपाल ने मूल संविधान की प्रति में उकेरे गए चित्रों, संविधान की धाराओं, संविधान में समान नागरिक संहिता आदि के बारे में भी बच्चों को जानकारियां दी। इससे पहले सीमा क्षेत्र पर कार्यरत सेना की 21 वीं बटालियन के नजूहीन खान ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। शिक्षक हुमेरा शाहिद ने राजभवन में संविधान उद्यान को अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि यह संविधान का साक्षात दर्शन है। बच्चों को इससे संविधान की सहज समझ होती है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंदराम जायसवाल भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सीमा क्षेत्र पर कार्यरत सुरक्षाबलों द्वारा नागरिक क्रियान्वयन कार्यक्रम के तहत 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक श्रीनगर से जैसलमेर की यात्रा पर इन बच्चों को लाया गया है। कश्मीर घाटी के विद्यालयों में अध्ययनरत 26 विद्यार्थियो, शिक्षक, सेना अधिकारियों सहित 30 सदस्यीय दल इस समय भारत दर्शन की यात्रा पर राजस्थान में हैं।

# एक करोड़ परिवारों को एक्सट्रा फूड पैकेट देगी सरकार




## अन्नपूर्णा फूडकिट योजना के लिए 360 करोड़ मंजूर

**जयपुर. कासं**

प्रदेश में चल रही अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना में प्रदेश के 1.06 करोड़ परिवारों को चुनाव से पहले एक एक्सट्रा फूट पैकेट का किट मिलेगा। सीएम अशोक गहलोत ने इसके लिए 360 करोड़ रुपए के फंड की मंजूरी दी है। दीपावली और दूसरे त्यौहारों के मौके पर एक्सट्रा फूड पैकेट देने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में अपने जोधपुर दौरे के दौरान एक्सट्रा फूड पैकेट देने की घोषणा की थी। इसके तहत प्रदेश के 1.06 करोड़ परिवारों को 15 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच दिए जाने वाले नियमित फूड पैकेट के अलावा एक और फूड किट मिलेगा। अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना इसी साल के बजट से शुरू की गई है।

## नारायणी माताजी धाम के विकास के लिए 2.69 करोड़ रूपए मंजूर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अलवर जिले की टहला तहसील के नारायणी माताजी धाम में विकास के लिए पर्यटन विकास कोष से 2.69 करोड़ रूपए मंजूर किए हैं। इस साल बजट में पर्यटन विकास कोष के फंड को 1000 करोड़ रूपए से बढ़ाकर 1500 करोड़ रूपए किए जाने की घोषणा की गई थी। अब तक 1500 करोड़ रूपए में से 771.31 करोड़ रूपए की लागत के कामों की मंजूरी दी जा चुकी है।

# प्रदेश में अग्रसेन कल्याण बोर्ड का गठन

## अग्रवाल समाज का सर्वे करवाकर सरकार को रिपोर्ट देगा बोर्ड, व्यापार की दिक्कतों को दूर करेगा

**जयपुर. कासं**




राज्य सरकार राजस्थान राज्य अग्रसेन कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। यह बोर्ड अग्रवाल समाज की स्थिति का जायजा लेने के साथ ही प्रमाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर समाज को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने लिए राज्य सरकार को सुझाव देगा। सरकार ने बोर्ड बनाने के आदेश जारी कर दिए हैं। अग्रसेन कल्याण बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और 3 गैर सरकारी सदस्य होंगे। इसके साथ ही वाणिज्यिक कर विभाग, उद्योग विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव, आयुक्त और निदेशक या उनके प्रतिनिधि बोर्ड में सरकारी मेंबर होंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के उप निदेशक या इसके स्तर के अफसर बोर्ड में सचिव होंगे। अग्रसेन कल्याण बोर्ड अग्रवाल समाज के कल्याण के लिए नई योजनाएं बनवाने के साथ मौजूदा योजनाओं का समाज को लाभ मिले, इसके लिए सरकारी विभागों के साथ समन्वय करेगा। समाज के परंपरागत व्यवसाय को वर्तमान तौर-तरीकों से आगे बढ़ाने, रोजगार को बढ़ावा देने और समाज के शैक्षणिक, आर्थिक विकास में आ रही बाधाओं को दूर करने के सुझाव देगा। अग्रवाल समाज के व्यापार की उन्नति में आ रही अड़चनों और परेशानियों को दूर करने संबंधी सुझाव भी सरकार को देकर उनका समाधान करवाएगा। बोर्ड सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों के खिलाफ ठोस उपाय भी सुझाएगा।

# गुलाबीनगर ग्रुप की 4 से 14 अक्टूबर तक गिरनार धार्मिक यात्रा रवाना






**जयपुर. शाबाश इंडिया।** गुलाबीनगर ग्रुप के 20 सदस्यों की गिरनार धार्मिक स्थलों की यात्रा को राजेश बड़जात्या रीजन अध्यक्ष , अनिल परम सरंक्षक व सुरेन्द्र पांड्या संरक्षक, विनोद बड़जात्या सचिव, धर्मचंद छाबड़ा , श्रीमती शैलबाला ने आज 04 अक्टूबर को सायंकालीन 4 बजे सुनील बज अध्यक्ष व अजय जैन संयोजक के नेतृत्व में डीलक्स बस द्वारा रवाना की। सर्वप्रथम सभी सदस्यों ने महावीर नगर जैन मंदिर में भगवान श्री पार्श्वनाथ की आरती की। तथा सभी सदस्यों के टीका व माला पहनाकर यात्रा मंगल हो कि शुभकामनाएं दी। 10 दिवसीय यात्रा जयपुर से जहाजपुर, अनिन्दा पार्श्वनाथ, केसरियाजी, नागफणी पार्श्वनाथ, चैतन्य धाम ( अहमदाबाद ), पावागढ़, सरदार पटेल स्टेचू, घोघा, सोनगढ़, शत्रुंजय ( पालीताना ), दीव, गिर, सोमनाथ, पोरबंदर, द्वारका, भेंट द्वारका ( ओखा ), गिरनारजी ( नेमीनाथ भगवान ), तारंगा, उमता, जीरावाला, पाँवपुरी से वापिस 14 अक्टूबर को जयपुर।

# अंतरिक्ष में भारत की छलांग विषय पर सेमिनार का हुआ शुभारंभ

## चन्द्रयान -3की सफलता के बाद नगर में आये अनेक वैज्ञानिक। कल होगा दूसरे सत्र में वैज्ञानिक होंगे बच्चो से रूबरू

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

अंतरिक्ष में भारत की छलांग विषय पर श्री ज्ञानज्ञ शिक्षा ट्रस्ट अहमदाबाद के संयोजक एवं श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में दो दिवसीय सेमिनार विश्व अंतरिक्ष सप्ताह के तहत जैन भवन शान्ति नगर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम के साथी इसरो वैज्ञानिक डॉ जी सी जैन के मुख्य अतिथि एवं जैन पंचायत के अध्यक्ष राकेश कासंल की अध्यक्षता में चार अक्टूबर को किया गया है । समारोह में स्कूली बच्चों के साथ ही पेरेंट्स ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह का शुभारंभ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ।

### असफलता के पीछे सफलता की कहानी लिखी है: डा राजमल

इस दौरान जाने-माने वैज्ञानिक डॉ राजमल ने कहा कि किसी भी सफलता में वर्षा की कड़ी मेहनत श्रम और समर्पण की अहम् भूमिका होती है चन्द्र यान टू थोड़ी सफलता के साथ असफलता ने हमें और मेहनत करने की प्रेरणा दी और भारत चन्द्र यान -3की सफलता ने हमें असफलता में भी सफलता देखने की प्रेरणा दी भारतीय वैज्ञानिको साथियों को अमेरिका जैसी सुविधाएं नहीं हैं फिर भी हमने दुनिया में अपनी



जगह अपने श्रमसाधना से वनाई है बच्चो आपको भी अपनी यात्रा को चर्म तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करते हुए देश के विकास में योगदान देना है ।डॉ अनिल कुमार माथुर ने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों ने उपकरणों को साइकिल से लेकर बैल गाड़ी से लेकर भारी वाहनों तक की एक लम्बी यात्रा तय की है जो सफलता आज दिख रही है वह सब हमारे सोच को दशार्ती है भारतीय वैज्ञानिको ने कम से कम संसाधनों में काम करने में कभी कोताही नहीं बरती। वे सतत रूप से लगें रहे और हम दुनिया के सामने चन्द्रमा के दक्षिणी में पहुंचने वाला पहला देश बन गया है। इस दौरान अध्यक्षता कर रहे राकेश कासंल ने कहा कि आज शहर के प्रमुख विद्यालय के बच्चे यहां देश के अनेक शहरों से पधारे वैज्ञानिकों का लाभ ले रहे हैं, सभी का अभिनन्दन करते हैं ।

### वैज्ञानिकों का जैन पंचायत कमेटी ने किया बहुमान

इसके बाद देश के विभिन्न नगरों से पधारे वैज्ञानिकों का जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचंनार सहित पंचायत कमेटी सदस्यों ने डॉ जी सी जैन, डॉ अनिल कुमार माथुर, डॉ पी के जैन, डॉ वी के जैन, डॉ राजमल, दिनेश त्रिवेदी, डॉ हरिओम वत्स, डॉ के एन झा का स्वागत पीत वस्त्र तिलक मालाओं के साथ थूवोनजी कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई, नवीन सर, मुकेश हार्डी, मनीष महू द्वारा किया गया। समारोह के शुभारंभ में मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता से देशवासियों का सीना गर्भ से चौड़ा हो गया इस अभियान में हमारे जिले की धरती दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में जन्मे आदरणीय जी सी जैन सहाब के योग्य से हम सभी गोरर्वनवित है डॉ जैन का जन्म थूवोनजी तीर्थ भूमि पर हुआ आर्थिक तंगी के बीच खंबे के नीचे बैठकर अपनी शिक्षा पूरी कर देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ अवब्दुल कलाम के साथ इसरो में अपनी सेवाएं दी और फिर अपनी इंडस्ट्री स्थापित कर आज भी वैज्ञानिक अनुसंधान में अपने उपकरण प्रदान कर रहे हैं। स्वागत भाषण में महामंत्री राकेश अमरोद ने कहा कि हम चन्द्रमा की धरती पर हमारे प्रगान रोवर की सफलता की कहानी इतिहास बन गई। इसमें इन वैज्ञानिकों के योगदान का जैन समाज अभिनन्दन करतीं हैं समारोह का संचालन मंयक जैन अलीगढ़ ने किया।

# माणक चौक चोपड पर आज विशाल धरने एवं 10 बजे से 1 बजे तक बंद कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से सफल रहा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सभी व्यापार मंडल का भरपूर सहयोग मिला एवं परकोटे सहित जयपुर के सभी दुकानदार बंधुओं ने अपने प्रतिष्ठान जयपुर व्यापार महासंघ की अपील पर स्वेच्छा से बंद रखकर 30 सितंबर को असामाजिक तत्वों द्वारा जबरदस्ती बाजार बंद करवाने की घटना पर अपना सांकेतिक आक्रोश व्यक्त किया ।व्यापारिक प्रतिष्ठान पुर्णतया बंद रहे। बंद में सभी व्यापार मण्डलों, व जयपुर की विभिन्न व्यापारी एशोसिएशन व मण्डियो का भरपूर सहयोग मिला। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल महामंत्री सुरेन्द्र बज कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडीया वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सेनी कोषाध्यक्ष सोभागमल अग्रवाल उपाध्यक्ष कैलाश मित्तल,मनीष खूटेटा,प्रकाश सिंह,सचिन गुप्ता,चन्द्र प्रकाश राणा,बाबू खान मंसूरी,चन्द्र कुमार रूपानी,भूपत राय कांटेवाला,मिन्तर सिंह राजावत,संरक्षक वीरेन्द्र राणा,प्रमुख सलाहकार राजेन्द्र कुमार गुप्ता,हुकम चन्द अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीरज लुहाडिया,सुरेश लश्करी सांगानेर रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला ,आनंद महरवाल,विनय शर्मा,जहीर अहमद,गुलाब चन्द श्रीमाली,तंजीम आगा,ब्रह्मपुरी बाजार अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, जयपुर होलसेल टेक्सटाइल डिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अवनीश लोढ़ा व अन्य पदाधिकारी , व्यापारी बंधु स्टाफ सहित सक्रिय रूप से कार्यक्रम में मोजूद रहे। व्यापार महासंघ ने प्रशासन से 30 सितंबर को जबरदस्ती बाजार बंद करवाने व लूटपाट,महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले असामाजिक तत्वों को अविलंब गिरफ़्तार करने व सजा दिलवाने की मांग करते हुए बाजारों को सुरक्षा उपलब्ध करवाने की मांग की है।

# झुमरीतिलैया जैन समाज ने वर्ष भर में समाज सेवा और धर्म सेवा के क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों के लिए कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

## गुरुदेव सुयश सागर जी का मिला आशीर्वाद

**कोडरमा. शाबाश इंडिया**



दस लक्षण महापर्व की समाप्ति के बाद समाज के पदाधिकारियों ने पिछले एक वर्ष में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का ब्यौरा लोगों के बीच प्रस्तुत किया ,समाज के अध्यक्ष प्रदीप जैन पांड्या, मंत्री ललित जैन सेठी ने पूरे वर्ष भर मे समाज में अपना योगदान देने वाले लोगों के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर की, मंदिर जीर्णोद्धार के संयोजक सुरेश झाझंरी और सुशील छाबड़ा ने मंदिर निर्माण कार्यों की रूपरेखा को समाज के बीच पेश किया और लोगों से तन मन धन से इसमें सहयोग करने की अपील की।कार्यक्रम का मंच संचालन समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा ने किया दिल्ली से आए जैन विद्यालय के चेयरमैन किशोर जैन पांड्या और उनके परम मित्र सुशील जैन छाबड़ा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के परियोजना निदेशक और समाज में विशेष योगदान देने वाले लोगों को अपनी ओर से पुरस्कृत किया, किशोर पांडया ने कहा कि युवा पीढ़ी की समाज के स्तंभ होते हैं समाज के लिए जो काम करते हैं उनका सम्मान आवश्यक है। इस मौके निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन को समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए सम्मान पत्र देकर माला पहना कर सम्मानित किया गया, समाज के मंत्री ललित सेठी ने कहा कि पिंकी जैन हमेशा जरूरतमंदों की सेवा और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाती है, पिछले 13 वर्षों से लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है, एक जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने अपने दायित्वों का सही रूप में पालन किया है, आप समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है, पिंकी जैन ने अपने संबोधन में समाज के प्रति आभार प्रकट किया और पूज्य गुरुदेव सुयश सागर जी को नमन करते हुए आशीर्वाद लिया गुरुदेव के प्रवचन को मीडिया के द्वारा जिले और देश प्रदेश में प्रचार करने के लिए जैन समाज के मीडिया प्रभारी राजकुमार अजमेरा और नवीन जैन को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया जैन समाज के संगीतकार सुबोध जैन और पंडित अभिषेक शास्त्री को भी सम्मानित किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम की संयोजक सुनीता सेठी और सभी कार्यक्रम के सह संयोजक करिश्मा छाबड़ा, अभिषेक गंगवाल,अमित सेठी, आशिका कासलीवाल, खुशबू सेठी,लोकेश पाटोदी, ईशान कासलीवाल, जोंटी काला और उनकी पूरी टीम को पुरस्कृत किया गया भगवान के चरणों मे रखा लौंग की माला पहनने का सौभाग्य अशोक सेठी काठमांडू विनोद, सुनील, ममता सेठी कोडरमा परिवार को मिला चातुर्मास कमेटी के संयोजक नरेंद्र झाझंरी ने आए हुए सभी लोगों के प्रति कार्यक्रम अच्छी प्रकार से संपन्न हो जाने के लिए आभार प्रकट किया।

**कोडरमा मीडिया प्रभारी राज कुमार अजमेरा, नविन जैन**

## वेद ज्ञान

# खुशी की खोज

जिंदगी नाम है सफर का, जिसमें इंसान कुछ हासिल करता है और कुछ हासिल नहीं कर पाता। इंसान के पास है खुशियां बांटती अनमोल जिंदगी, प्यारे रिश्ते-नाते, वायु, जल, फूल, हरी-भरी घास और नीला आसमान। कुदरत खुशियां बांटने में व्यस्त है। सच तो यह है कि हमारे पास खुशियां ग्रहण करने का वक्त नहीं बचा है। इंसान अतिव्यस्त है। तमाम ऐसी चीजों की गिनती करने में जो उसके पास नहीं है और बड़ा आलीशान बंगला, शानदार कार, स्टेटस, पॉवर वगैरह। इंसान यह बात भूल जाता है कि एक दिन सब कुछ यूं ही छोड़कर अगले सफर पर उसे निकलना है। विद्वान टॉमस फुलर ने कहा है कि जो भविष्य का भय नहीं करता, वही वर्तमान का आनंद उठा सकता है। इंसान नादान कस्तूरी मृग की भांति खुशबू की तलाश में जंगल-जंगल भटकता फिरता है। वह नहीं जानता कि खुशबू तो उसी की नाभि से उभर रही है। इसी प्रकार इंसान खुशी की खोज में मारा-मारा फिरता है, जबकि खुशी का फव्वारा तो उसकी सोच में उसी के भीतर समाया है। असल में खुशी का संबंध विभिन्न धर्मस्थलों से नहीं है, बल्कि यह एक प्रकार की सकारात्मक मानसिक स्थिति है। ध्यान रहे कि खुशी का मतलब सिर्फ अपना स्वार्थ पूरा करना नहीं है। हालांकि स्वार्थी व्यक्ति सिर्फ अपनी खुशी को ही अहमियत देता है। यहां तक कि यदि उसे अपनी खुशी के लिए दूसरों की खुशियों पर पानी फेरना पड़े तो वह वैसा ही करेगा। सबक यह है कि खुशी बांटने वाली चीज है। यदि कोई व्यक्ति दूसरे के विचारों और उनकी खुशियों को आदर नहीं देता है तो वह खुद भी खुश नहीं रह सकता। एक और अनुभव की बात है कि अच्छा दिन खुशियां लाता है और बुरा दिन अनुभव। जिंदगी के लिए दोनों अतिआवश्यक हैं। इसलिए हर दिन खुशी से जीना चाहिए। वाकई बात पते की है। आज का दुख, उदासी, भूल और गलती सालों बाद अनुभव का खुशनुमा गुलदस्ता बन जाती है और अनुभव हर सफलता की सीढ़ी है। वस्तुतः चुनौतियों को स्वीकार करें ताकि आप विजय का उल्लास महसूस कर सकें। जिंदगी नाम है उतार-चढ़ाव का।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग की घोषणाएं और धरातल पर असर...

लोकतंत्र को वास्तव में जमीन पर उतारने के संदर्भ में लंबे वक्त से यह बहस चलती रही है कि राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त करने के लिए क्या किया जा रहा है। ऐसा कोई राजनीतिक दल नहीं है, जो लोकतांत्रिक ढांचे में आपराधिक छवि के लोगों के जगह बनाने का समर्थन करता हो। लेकिन विचित्र यह है कि अमूमन सभी पार्टियां चुनाव के वक्त सिर्फ इस बात का ध्यान रखती हैं कि किसी सीट पर उन्हें ही जीत मिले, भले ही उसके लिए उन्हें किसी दागी या आपराधिक पृष्ठभूमि के व्यक्ति को टिकट देना पड़े। यह बेवजह नहीं है कि आज भी देश की विधायिका में एक खासी तादाद वैसे लोगों की है, जो किसी अपराध के आरोपी रहे हैं, लेकिन अब वे जनप्रतिनिधि के रूप में लोकसभा या फिर किसी विधानसभा में मौजूद हैं। सवाल है कि पिछले कई दशक से राजनीतिक हलकों से लेकर अदालतों तक में आपराधिक पृष्ठभूमि वालों के चुनाव लड़ने पर उठने वाली आपत्तियों के बावजूद आज भी संसद



या विधानसभाओं के लिए ऐसे लोगों की उम्मीदवारी पर रोक क्यों नहीं लगाई जा सकी है ! इस मसले पर चुनाव आयोग की ओर से अक्सर कई स्तर पर हिदायतें दी जाती रही हैं। नामांकन के वक्त निर्धारित प्रपत्र में उम्मीदवारों की ओर से अपने अतीत का ब्योरा दर्ज कराया जाता है, जिसमें अपने आपराधिक रिकार्ड या खुद पर आरोप होने के बारे में भी बताया जाता है। इसके अलावा, चुनाव आयोग उम्मीदवारों से अपने ऊपर आपराधिक मामले सार्वजनिक रूप से जाहिर करने के लिए कहता है, जिसमें इससे संबंधित विज्ञापन देना भी शामिल है। इसी क्रम में राजस्थान विधानसभा के लिए होने वाले चुनावों की व्यवस्था के मद्देनजर रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि उम्मीदवारों को अखबारों में विज्ञापन देकर अपने आपराधिक रिकार्ड की स्पष्ट जानकारी देनी होगी। साथ ही राजनीतिक दलों को भी यह कारण बताना होगा कि पार्टी ने उस व्यक्ति को उम्मीदवार के तौर पर क्यों चुना है। यानी अगर मतदाताओं के सामने उम्मीदवारों के अतीत और चाल-चरित्र आदि के बारे में पूरी जानकारी होगी, तो वे अपने मत की कीमत समझते हुए आपराधिक छवि के लोगों को वोट नहीं देंगे। निश्चित रूप से चुनाव आयोग की मंशा राजनीति और लोकतंत्र को अपराध की छाया से मुक्त करने की है। लेकिन देश भर में पिछले कई चुनावों के मौके पर ऐसी ही घोषणाओं के बावजूद अब तक इस तस्वीर में क्या फर्क आ सका है ? हालत यह है कि एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स की हाल की एक रपट के मुताबिक, चालीस फीसद मौजूदा सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें पच्चीस फीसद गंभीर अपराध से जुड़े हैं। आखिर क्या वजह है कि चुनाव आयोग की बार-बार की घोषणाएं जमीनी स्तर पर लागू होती नहीं दिखती हैं। सवाल यह भी है कि अगर आयोग की ओर से उम्मीदवारों को विज्ञापन देकर अपने अपराधों के बारे में बताने का निर्देश दिया जा रहा है तो क्या यह प्रकारांतर से राजनीति के अपराधीकरण को स्वीकृति देना है ? ऐसे नियम क्यों नहीं बनाए जाते, जिसके तहत आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों के चुनाव लड़ने पर रोक हो और मतदाताओं के सामने आपराधिक छवि के उम्मीदवारों का विकल्प खत्म हो जाए ? **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# कम होते छात्र...

दिल्ली की स्कूली शिक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन का खूब प्रचार किया जाता है। विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और शिक्षा मंत्रियों को ही नहीं, विदेशी प्रतिनिधिमंडलों को भी यहां का शिक्षा माडल देखने के लिए आमंत्रित किया जाता है। दिल्ली सरकार इस सबका बढ़-चढ़ कर दिखावा भी करती है। लेकिन क्या वास्तव में यहां के स्कूलों में इतना बदलाव आया है कि उन्हें उदाहरण के तौर पर देखा जा सके ? सरकार के दावों के उलट सूचना का अधिकार कानून यानी आरटीआइ से मिले आंकड़े इसका निराशाजनक जवाब देते हैं। इसके मुताबिक, राजधानी के सरकारी स्कूलों में मौजूदा सत्र के दौरान विद्यार्थियों की संख्या में तीस हजार तक की कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2022 में सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों की कुल संख्या जहां सत्रह लाख नवासी हजार तीन सौ पचासी थी, वहीं वर्ष 2023 में यह घटकर सत्रह लाख अठावन हजार नौ सौ छियासी रह गई। खास बात यह है कि उत्तर-पश्चिम और मध्य दिल्ली को छोड़ पूरे शहर के स्कूलों में विद्यार्थियों की कमी का रुझान एक जैसा है। सवाल यह है कि अगर दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था दूसरे राज्यों के लिए नजीर है, तो फिर यहां बच्चों का स्कूलों से मोह भंग क्यों हो रहा है। दिल्ली की ''आप'' सरकार ने लगभग तीन दर्जन स्कूलों को 'डाक्टर बीआर आंबेडकर स्कूल आफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस' का दर्जा दिया है। ये वे स्कूल हैं, जिनमें दिल्ली शिक्षा बोर्ड के तहत विशेष विषयों की पढ़ाई होती है और इनमें आधारभूत ढांचा और सुविधाएं भी अन्य स्कूलों के मुकाबले बेहतर कही जा सकती हैं। आप सरकार इन्हीं स्कूलों को देश-दुनिया के सामने रखकर दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव का दम भरती है। लेकिन क्या इतने भर से पूरे शहर की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के दावे को हकीकत मान लिया जाए ? कोविड महामारी के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपने बच्चों का निजी स्कूलों से निकाल कर सरकारी स्कूलों में दाखिला कराया था। इसकी वजह से बीते तीन अकादमिक वर्षों में सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या पंद्रह लाख से बढ़कर अठारह लाख के करीब पहुंच गई थी। लेकिन अब सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की तादाद तेजी से कम हो रही है तो क्या इससे यह पता नहीं चलता कि शिक्षा की गुणवत्ता इस स्तर की नहीं है कि लोग अपने बच्चों को वहीं पढ़ने दें ? सच यह है कि कुछ को छोड़ दें तो अधिकांश स्कूलों की हालत बहुत अच्छी नहीं है। हालांकि दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्ता के स्तर पर उच्च दर्जे के तौर पर पेश किया जाता है। लेकिन आखिर क्या कारण है कि खुद दिल्ली सरकार के अधिकारी, नेता, विधायक आदि अपने बच्चों की अच्छी पढ़ाई के लिए यहां के सरकारी स्कूलों को तरजीह नहीं देते। अब हालत यह है कि आम लोगों के बच्चों की तादाद भी इन स्कूलों में कम हो रही है। दिल्ली सरकार शिक्षा पर अपने बजट का बीस फीसद से अधिक खर्च करने और शिक्षकों को विदेशी संस्थानों से प्रशिक्षण दिलाने का दावा करती है। हकीकत यह है कि इस कवायद का असर स्कूल परिसरों में नहीं दिखता। अधिकांश स्कूलों में शिक्षकों के पढ़ाने का रवैया पहले जैसा ही है। सरकार वास्तव में शिक्षा व्यवस्था का ढांचा बदलना और नौनिहालों का भविष्य संवारना चाहती है तो स्कूलों की बदहाली के जिम्मेदार कारकों की पहचान कर पूरी दिल्ली में उन्हें दूर करने की ईमानदार कोशिश करनी होगी। सरकार का बेतहाशा प्रचार तभी गले उतरे, जब शिक्षा में बदलाव का असर जमीन पर भी दिखाई दे।


श्री 1008 आदिनाथ भगवान


भूगर्भ से प्राप्त 1200 वर्ष प्राचीन अतिशयकारी 1008 मंशापूर्ण भगवान महावीर स्वामी जी

# सिद्धों की आराधना

मंगलं भगवान वीरों, मंगलं गौतमोगणी। मंगलं पुष्पदंताद्यो, जैन धर्मोस्तु मंगलं।।

## नवरात्रा के अवसर पर जयपुर में प्रथम बार

## 256 महामण्डलीय श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान

## एवं विश्व शांति महायज्ञ


पुष्पगिरी प्रणेता आचार्य श्री 108 पुष्पदन्तसागर जी महाराज

रविवार, 15 अक्टूबर से मंगलवार, 24 अक्टूबर 2023


मंगल आशीर्वाद एवं पावन सान्निध्य
पुष्पगिरी प्रणेता आचार्य श्री 108 पुष्पदंतसागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य
ज्ञानयोगी संस्कार प्रणेता, जीवन आशा हॉस्पिटल प्रेरणास्रोत
आचार्य श्री 108 सौरभसागर जी महाराज

अपना स्वतंत्र मण्डल बुक करायें
2 धोती दुपट्टा, 2 साड़ी
सहयोग राशि
₹ 5,100/-

विशेष
256
मण्डलीय
विधान

भव्य मंगल प्रवेश
श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय, गणेश मार्ग, बापू नगर से भट्टारक जी की नसियां
शुक्रवार, 13 अक्टूबर 2023
प्रातः 7.15 बजे

विधानाचार्य
पं. संदीप जी जैन 'सजल'

संगीतकार
पारस अम्बर जैन, दिल्ली एवं अंकित जैन, गुना

**कार्यक्रम स्थल - भट्टारक जी की नसियाँ, नारायणसिंह सर्किल, जयपुर**

**सम्पर्क सूत्र**

राजीव जैन गाजियाबाद 9414054571
आलोक जैन तिजारिया 9549317777
कमलेश जैन बावड़ी 9667872547
शिखर जैन (सारसोप) 9414717682
चेतन जैन निमोड़िया 9351783600
अतुल मंगल 'लवली' 9694666667
शांति-ममता सोगानी 9636394817
विनय सौगानी 9414054814
मनोज सोगानी 9829295610
विनोद तिजारिया 9314216340
विराट दीवान 9829019188
देवेन्द्र बाकलीवाल 9887027407
मनीष बैद 9414016808
ओमप्रकाश जैन 'मामाजी' 8829021691
कमल बैद 9983334999
विनोद जैन कोटखावदा 9314278866
जिनेन्द्र गंगवाल 'जीतू' 9829864876
पदम बिलाला 9314024888
सोभागमल जैन 9509643144
सुरेन्द्र मोदी 8696979825
अनिल जैन काशीपुरा 9414769596
राजेश बड़जात्या 9785074581
रमेश बोहरा 9828026629

**अपना स्वतंत्र मण्डल बुक करने के लिए अपने क्षेत्र के संयोजकों से सम्पर्क करें :-**

### सांगानेर प्रताप नगर संभाग

| | |
|---|---|
| पवन जी जैन (सेक्टर-5) | 9413396370 |
| दिलीप जी पाटनी | 9414241839 |
| विमल जी जैन बाकलीवाल (एम-23 दिन मन्दिर) | 9314513582 |
| महेश जी सेठी सेक्टर-8 | 9829088979 |
| राजेश जी चौधरी (चित्रकूट-सांगानेर) | 9460762728 |
| नवीन जी जैन (सांगानेर) | 9782526957 |
| अंजना जी जैन (चित्रकूट) | 9413742981 |
| ममता जी सेठी (प्रताप नगर-से. 5) | 9829038858 |
| पारस जी जैन (चौमूं बाग-सांगानेर) | 8619480213 |
| कमलेश जी जैन (प्रताप नगर से. 3) | 8947082889 |
| अभिषेक जी जैन | |

### मानसरोवर संभाग

| | |
|---|---|
| राजेश जी जैन (SFS) | 9829292014 |
| सुनील जी पहाड़िया (वरुण पथ) | 9314995657 |
| धनकुमार जी कासलीवाल | 9414359660 |
| एम.पी. जैन (वरुण पथ) | 9829014598 |
| कमला जी जैन (कमला नेहरु नगर) | 9352988473 |
| यामनी जी जैन (राधा निकुञ्ज) | 9079037762 |
| पिंकी जी कासलीवाल (हीरापथ) | 8947965177 |
| जे.के. जैन (वरुण पथ) | 9414042294 |
| मैना जी जैन (विवेक विहार) | 8764330312 |
| भंवरी देवी जैन (थड़ी मार्केट) | 9314551550 |

### मालवीय नगर

| | |
|---|---|
| अजय बड़जात्या (बबलू भैया) | 9314967444 |
| सी.एल. जैन | 94140 78656 |
| रामपाल जी जैन (डालडा वाले) | 9314091161 |
| आशीष छाबड़ा, सिद्धार्थ नगर | 9314979546 |
| कल्पना जी बैद (से. 10, मालवीय नगर) | 9352998335 |
| डिम्पल जी जैन (से. 10, मालवीय नगर) | 7791832762 |
| उर्मिला जी पाटनी (से. 7, मालवीय नगर) | 9214030144 |
| दिनेश जी पाटनी (मालवीय नगर, से. 3) | 9414079534 |

### टोंक रोड

| | |
|---|---|
| राजीव जी लाखना | 9001239913 |
| कैलाश जी जैन (गायत्री नगर) | 8003699001 |
| प्रकाश जी बाकलीवाल (छोटा गिरनार) | 9414066613 |
| अनिल जी छाबड़ा (मधुबन) | 9887262673 |
| राजेन्द्र जी बिलाला (आकोड़िया-चाकसू) | 8005713956 |
| पूनम तिलक (कीर्ति नगर) | 8386830649 |
| राजेन्द्र जी बिलाला, (आकोड़िया-चाकसू) | 8005713956 |
| कमल जी चाँदवाड़ (त्रिवेणी नगर) | 9829011903 |
| अलका जैन (श्याम नगर) | 9828052852 |
| शैलेश जी पाण्ड्या (शांति नगर) | 9829014564 |
| शकुन्तला जी जैन (इमली फाटक) | 9529421053 |
| रजनीश जी जैन (त्रिवेणी नगर) | 9828075839 |
| गिरीश जी बाकलीवाल (महावीर नगर) | 9829091979 |
| रेखा लता जी जैन (दुर्गापुरा) | 9460493184 |
| निर्मला जी जैन (त्रिवेणी नगर 10बी) | 9079057732 |
| नवल जी जैन (80 फीट रोड़, महेश नगर) | 9414343504 |
| चक्रेशजी जैन (बरकत नगर) | 9829011196 |
| मोती जी छाबड़ा (कीर्ति नगर) | 9314678838 |
| प्रमोद जी सोनी (मधुबन कॉलोनी) | 9351944555 |
| अनिल जी टोंग्या (मधुबन कॉलोनी) | 8384927334 |

### किशनपोल जौहरी बाजार संभाग

| | |
|---|---|
| राजकुमार जी पाटनी | 9414057232 |
| दर्पण जी बिलाला (जौहरी बाजार) | 9001122111 |
| मुकेश जी ब्रह्मपुरी | 9314115222 |
| अनिता जी जैन (किशनपोल बाजार) | 9636418861 |
| अंजु देवी जैन, मंगोड़ी वाली (किशनपोल बाजार) | 9672389591 |
| पिंकी जी जैन (जौहरी बाजार) | 9314520210 |
| सरोज जी जैन (मुनबाड़ी) | 9521414111 |
| दिनेश जी लुहाड़िया (चाँदपोल) | 9829910610 |
| राजेन्द्र जी पहाड़िया (तीनों नसियां) | 8854834464 |

### झोटवाड़ा संभाग

| | |
|---|---|
| धीरज जी पाटनी | 9929110116 |
| राजीव जी पाटनी | 9314501479 |
| पवन जी पाण्ड्या | 9928013777 |
| कमलेश जी जैन | 9829151421 |
| विकास जी बड़जात्या (कांमा वाले) | 9785481867 |
| विनिता जी छाबड़ा (वैशाली नगर) | 9413489973 |
| पूनम जी चाँदवाड़ | 8502001301 |

### जवाहर नगर बापूनगर संभाग

| | |
|---|---|
| सूरज अजमेरा | 8875132259 |
| सुधीर गंगवाल (जनता कॉलोनी) | 9929279577 |
| दीप्ति जी जैन (जनता कॉलोनी) | 8107935009 |

मुद्रक : राजू ग्राफिक आर्ट (संदीप शाह) जयपुर मो. 9829050791

# साधनों से नहीं साधना से आत्मा को संसार से मुक्ति मिलने वाली है: महासती धर्मप्रभा



**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

चैन्नई। साधनों से नही साधना से आत्मा को मुक्ति मिलती है। बुधवार साहूकार पेट जैन भवन में महासती धर्मप्रभा ने आयोजित धर्मसभा को सम्बोधित करतें हुए कहा कि मौत से बचना है तो आत्मा को जन्म- मरण से मुक्त करवाने पर ही आत्मा को संसार से मुक्ति मिल सकती है। मौत टलने वाली नहीं है क्योंकि प्रकृति और संसार का नियम है जो जीव संसार मे जन्म लेता है उसकी मृत्यु जन्म पर ही निधारित हो जाती है इस दुनिया ऐसा कौई जीव जन्मा नहीं जिसने जन्म लेने के बाद मृत्यु ना आई है। इंसान लाख जतन करले और कितना भी प्रत्यन करले फिर भी वह मौत पर विजय नहीं प्राप्त कर सकता है क्योंकि शरीर नश्वर है इस सत्य जो व्यक्ति स्वीकार लेता है वह मौत के आने पर भी मौत से डरेगा नही और नाहि भयभीत रहेगा। साधना ही वो मार्ग जिससे मनुष्य अपनी आत्मा को पहचान कर संसार मे आत्मा के जन्म और मृत्यु से मुक्त करवा सकता है साध्वी स्नेहप्रभा ने उत्ताराध्यय अध्ययन सूत्र की तेरहवीं गाथा वर्णन करतें हुए बताया संसार में आत्मा अकेले ही आती है और अकेले ही जाती है। फिर भी मनुष्य संसार के मोह मे साधना को छोड़कर साधनो मे लिप्त होकर अपनी मौत को भूल रहा है। और संसार के सुख को शास्वत समझ कर अपनी इस आत्मा की दुगति कर रहा है जबकि संसारी सुख क्षण मात्र का सुख है जबकि संसार दुःख ही दुःख भर हुए है। सही समय पर व्यक्ति चैत जाता है और साधना मे संलग्न हो जाएगा तो वह अपनी आत्मा को संसार के भटकाओ से बाहर निकाल कर के इस आत्मा को मोक्ष दिला लेगा। इसदौरान धर्मसभा मे साहूकार पेट श्री एस.एस.जैन संघ के कार्याध्यक्ष महावीर चन्द सिसोदिया, महामंत्री सज्जनराज सुराणा, हस्तीमल खटोड़, शम्भूसिंह कावड़िया, जवंरीलाल कटारिया आदि ने बाहर से पधारें अतिथियों का स्वागत किया।

# सीकर के श्री आदिनाथ चैत्यालय व पद्मप्रभु जैन मंदिर में हुए क्षमावाणी के कलशाभिषेक



**सीकर. शाबाश इंडिया।** सीकर के कोतवाली रोड़ स्थित पद्मप्रभु जैन मंदिर में रविवार को सायंकाल क्षमावाणी महापर्व मनाया गया। इस दौरान क्षमावाणी के कलशाभिषेक व महाआरती हुई। प्रातः ब्रह्मचारिणी सरिता दीदी व बबीता दीदी के सानिध्य में ही तबेला बाजार स्थित आदिनाथ चैत्यालय में भी विशेष कलशाभिषेक हुए ।

# राहुल विहार जैन समाज ने निकली श्रीजी की स्वर्ण रथयात्रा



**आगरा. शाबाश इंडिया।** 4 अक्टूबर को आगरा के शमशाबाद रोड स्थित श्री 1008 चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर राहुल विहार में वार्षिक रथयात्रा एवं कलशाभिषेक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने विशाल श्रीजी की रथयात्रा निकाली गई ।वार्षिक रथयात्रा श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर राहुल विहार से प्रारंभ होकर सौ फुटा रोड, पेट्रोल पंप से बैंक कॉलोनी,इंदिरापुरम कॉलोनी होते हुए राहुल विहार जैन मंदिर पहुंची। रथयात्रा में सबसे आगे अहिंसा परमो धर्म का बैनर, पांच जैन ध्वज, साथ में, एक



बैंड एवं संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, आचार्य श्री विहर्ष सागर जी महाराज, निर्यापक मुनिपुगंव श्री सुधा सागर जी महाराज, मुनि श्री अजित सागर जी महाराज की झांकी, रथयात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। श्रीजी के स्वर्ण रथ के आगे बड़ी संख्या में भक्त बैंड बाजों की धार्मिक धुनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। रथयात्रा का जगह- जगह श्रीजी की मंगल आरती उतारकर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद सौभाग्यशाली भक्तों द्वारा श्रीजी को पांडुक शिला पर विराजमान कर जलाभिषेक किया। इस अवसर मंदिर कमेटी ने सभी अतिथियों का तिलक व पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान भक्तों का भाव देखते ही बन रहा था। रथयात्रा की व्यवस्था आचार्य श्री विद्यासागर नवयुवक मंडल द्वारा संभाली गई। इस अवसर पर रोहित जैन, प्रिंस जैन, अतिशय जैन, अतुल जैन, शोभित जैन, मयंक जैन, राहुल जैन, प्रशांत जैन सागर जैन, समस्त राहुल विहार सकल जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। **रिपोर्ट मीडिया प्रभारी शुभम जैन**

# वर्णी जयंती का दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

## देश के कोने-कोने से शामिल हुए 200 से ज्यादा विद्वान


मनीष विद्यार्थी. शाबाश इंडिया

सागर। परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभाकर शिष्य मुनि श्री अजित सागर जी महाराज आ. श्री सौम्यनंदनी माताजी आ. श्री सुयोग्यनंदनी माताजी के मंगल सान्निध्य में श्री गणेश दिगंबर जैन संस्कृत महाविद्यालय वर्णी भवन मोराजी एवं वर्णी स्नातक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पूज्य वर्णी जी की 150 वीं जन्म जयंती महामहोत्सव की शुरूआत प्रातः काल की बेला में ध्वजारोहण मुख्य अतिथि अध्यक्ष श्री वर्धमान कॉलोनी सागर ,वरिष्ठ समाज सेवी कपिल मलैया तथा मोराजी के महामंत्री डॉ क्रांति कुमार सराफ, मंत्री मुकेश एवं व्याकरणाचार्य पं. ज्ञानचंद प्राचार्य के निर्देशन में एवं वर्णी संस्थान विकास सभा के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। आचार्य श्री, पू क्षुल्लक वर्णी जी के चित्रानरण एवं दीप प्रज्वलन उपस्थित विद्वानों द्वारा किया गया । इसके पश्चात पूज्य आर्यिका 105 सौम्यनंदिनी माताजी के सानिध्य एवं उनके आशीर्वाद वचन के पश्चात विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा पूज्य वर्णी के जीवन चरित्र पर एक बहुत ही भव्य एवं अद्भुत प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात दोपहर में प्रो. डॉ. भागचंद जी भास्कर की अध्यक्षता एवं डॉ क्रांति कुमार सराफ के





मुख्य आथित्य में स्नातक सम्मेलन प्रारंभ हुआ सभी ने अपने विचार व्यक्त किया स्नातक सम्मेलन में प्रो डॉ. भागचंद भास्कर , डॉ क्रांति कुमार सराफ, प्रो. डॉ. पी सी जैन , पं कस्तूरचंद जी , पं. लाभेश ईसरी ,पंडित जीवंधर शास्त्री , पं. ज्ञानचंद व्याकरणाचार्य, पंडित नन्हे भाई शास्त्री, पंडित विजय कुमार शास्त्री वर्णी स्नातक संस्थान के अध्यक्ष डॉ. हरिश्चंद्र शास्त्री , महामंत्री त्रिलोक शास्त्री , कोषाध्यक्ष राजेन्द्र दलपतपुर, उपाध्यक्ष दीपचंद मानकी , सुरेश शास्त्री केवलारी, कैलाश टीला, शीतल चंद्र मानकी , प्रकाश सागोनी ,भाई राजेश सागोनी, भाई सनत कुमार , डॉक्टर अरविंद शास्त्री सुनवाहा, भड़राणा ,श्रवण शास्त्री सौंरई , पं. करोड़ी लाल बंडा, भाई डॉक्टर अरविंद , प्रोफेसर डॉक्टर सुबोध , ऋषभ शास्त्री राजिम ,संयोजक चन्द्रेश शास्त्री , विमल पाटन , विनोद बमोरी , संजय पावला ,प्रदीप पॉवला , जिनेंद्र पावला सुनील मानकी , मनोज बेगमगंज , शीतलचंद मानकी, इंजीनियर विनोद ,श्रीमती भारती दीदी ,श्री सुरेश सागर ,कमलेश जेरा, अखिलेश रमगडा, सचिन , मनोज निर्लिप्त, पंडित अभिषेक , राजेश गृह प्रबंधक , दुलीचंद जैन ,सिमरिया, अरविंद बमाना , श्रेयांस ,मनोज निर्लिप्त , मनोज , राजकुमार कर्द , सुनील दलपतपुर, मनोज खामखेड़ा, अजीत जलज, राजेश सागौनी, प्रकाश मसुरहाई , श्टेकचंद अजीतपुर , जिनेश खमरिया , राजकुमार जबलपुर , सोनू जबलपुर , दयाचंद सतना ,सुनील मड़खेरा एवं बहुत से आगत स्नातकों का अभिनंदन किया गया ।इस अवसर पर वर्णी संस्थान सभा के कार्य अध्यक्ष संजय कुमार ढाना को पूज्य गणेश प्रसाद स्मृति पुरस्कार प्रोफेसर डॉ. भागचंद भास्कर, डॉ. पुष्पलता नागपुर, सम्मानित किया गया। रात्रि में पूज्य गणेश प्रसाद जीवनी जी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म जो डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से प्रो.डॉ. पंकज जी तिवारी एवं एवं डॉ संजीव सराफ द्वारा निर्देशित है फिल्म का प्रदर्शन किया गया, वर्णी संस्थान सभा के पदाधिकारी द्वारा पंकज तिवारी एवं डॉ. संजीव का अभिनंदन किया गया,वर्णी संस्थान विकास सभा के विशिष्ट मीडिया प्रभारी मनीष विद्यार्थी सहित सभी ने माना। द्वितीय दिन सुबह से नित्य नियम पूजन मुनि श्री के मंगल सानिध्य राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी के प्रथम सत्र का उद्घाटन पं. फूलचंद प्रेमी वाराणसी की अध्यक्षता में अतिथियों द्वारा चित्रावरण, दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण पं. अखिलेश शास्त्री रमगढा जिसमें ब्र. जयकुमार निशांत,पं. विनोद रंजवास, डॉ अमित आकाश, वाराणसी डॉ. हरिश्चंद्र जैन शास्त्री अध्यक्ष वर्णी स्नातक संस्थान , डॉ. आशीष आचार्य ,पंडित महेश जी दीमापुर कारीतोरण, त्रिलोक जैन शास्त्री बड़ागांव दिल्ली सुरेंद्र जैन प्राचार्य भगवां ने अपने विचार रखें।



## दशलक्षण वृत्तियों का महावीर इंटरनेशनल द्वारा स्वागत



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल संस्था परिवार द्वारा वीरा सीता देवी गंगवाल धर्म पत्नी वीर अशोक कुमार गंगवाल व अमन पाटनी सुपुत्र वीरा अध्यक्षा सरोज मनोज पाटनी दस धर्मो को आत्मसात कर दशलक्षण वृत के दस दिवस निराहार उपवास आचार्य श्री 108 प्रसन सागर जी अन्तर्मना मुनिराज जी के सानिध्य में उदगाव महाराष्ट्र में सानन्द सम्पन्न कर कुचामन पहुंचने पर संस्था परिवार द्वारा उनके निवास पर जाकर तिलक माला साफा डुपटा पहनकर कर मंगल गीत गाकर अभिनन्दन पत्र देकर स्वागत करते वीर अध्यक्ष रामावतार सचिव अजित पहाड़ियां वीरा अध्यक्षा सरोज पाटनी कोषाध्यक्ष वीरा मंजु बड़जात्या सचिव शारदा वर्मा युवा अध्यक्ष आनंद सेठी सचिव विकास जैन कोषाध्यक्ष वीर संदीप पान्डया वीर वीरा युवा सदस्यों ने सम्मानित कर त्याग कि अनुमोदना कर साधुवाद किया। **संकलन : वीर सुभाष पहाड़ियां**

## जैन नसियां मंदिर के कलशाभिषेक समारोह में उमड़े श्रद्धालु



विमल जोला। शाबाश इंडिया

निवाई । सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज एवं क्षुल्लक अकम्प सागर महाराज के सानिध्य में जैन नसिंया मंदिर के प्रांगण पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिक उत्सव में सामूहिक कलशाभिषेक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विधानाचार्य निर्मल कुमार पांडया के मंत्रोच्चार द्वारा कलशाभिषेक समारोह की सभी क्रियाएं सम्पन्न करवाई गई। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संधी ने बताया कि कलशाभिषेक कार्यक्रम से पूर्व श्रद्धालुओं ने नसिंया मंदिर में विधिवत मंडल विधान की पूजा अर्चना की। उसके पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ जी को बधाई स्वरूप सिर पर रखकर पंचमेरुजी पर विराजमान किया जहां भगवान शांतिनाथ जी की एवं चौबीस भगवान की पूजा अर्चना की। जौंला ने बताया कि गाजे बाजे से सामूहिक कलशाभिषेक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें श्री जी की माला पहनने का सौभाग्य पूर्व मुख्य सचेतक महावीर प्रसाद जैन व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश जैन बड़ा जैन मंदिर के मंत्री महेन्द्र चंवरिया नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र जैन सतीश जैन किराणा व्यापार मण्डल अध्यक्ष चेतन चंवरिया खेमराज जैन हेमंत जैन आशीष जैन को मिला। जौंला ने बताया कि वार्षिक उत्सव के दौरान नसिंया मंदिर में पूर्व संध्या पर संगीतमय भक्तामर पाठ का आयोजन हुआ जिसमें महिलाओं ने संगीत के साथ भक्तामर पाठ किया।

## 56 वें अवतरण दिवस पर आचार्य वसुनंदी महाराज का किया गुणानुवाद



**कामा, भरतपुर. शाबाश इंडिया।** धर्म जागृति संस्थान कामां व ज्ञान विजया महिला मण्डल ने 48 दीपकों से की भक्तामर अर्चना। आचार्य वसुनंदी महाराज निरंतर ज्ञान के उपयोग में रत हैं इसीलिये उन्हें अभिक्षण ज्ञानोपयोगी कहा जाता है । मुनि संघ के कुशल नायक होने के साथ साथ वात्सल्य की खान व भक्तों के प्रति भरपूर स्नेह रखते हैं। ऐसे गुरुवर के 56 वें अवतरण दिवस के उपलक्ष में धर्म जागृति संस्थान कामां द्वारा ज्ञान विजया महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में 48 दीपों से भक्तामर पाठ की महाअर्चना श्री 1008 शान्तिनाथ जैन मन्दिर दिवान जी मे आयोजित की गई। धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या ने गुरुवर के दीघार्यु व स्वस्थ रहने की कामना करते हुए कहा कि आचार्य वसुनंदी महाराज में वात्सल्य भरपूर है तो वे भक्तों के गुरुर हैं,ऐसे परम्प्रतापी गुरुवर वर्तमान में मिलना अति दुर्लभ है। इस अवसर पर धर्म जागृति संस्थान कामां के अध्यक्ष संजय जैन सर्राफ ने कहा की आचार्य श्री सरल स्वभावी है, आपके रोम रोम से वात्सल्य टपकता है आपकी वात्सल्यमयी पुचकार समस्त दुखों को हरने वाली है।महिला मंडल अध्यक्ष इंद्रा जैन बड़जात्या, शकुंतला जैन,युवा परिषद के अध्यक्ष मयंक जैन लहसरिया,प्रदीप जैन बड़जात्या, अजय जैन,राकेश जैन मेडिकल वालो ने आचार्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बड़े भक्ति भाव से भक्तामर के श्लोकों पर दीप प्रज्ज्वलित किये गये।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# तीन लोक जिनालय महामण्डल विधान महा आराधना प्रारंभ





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री तीन लोक जिनालय महामण्डल विधान महा आराधना का शुभारंभ करते समय ध्वजारोहण करते हुए वर्षा योग समिति के संयोजक सतीश जैन अकेला के पुत्र शुभम जैन पुत्र वधु भव्या जैन व परिवार जन सर्वांग सौभाग्यवती श्रीमती भव्या जैन ने ही विधान का महामंगल कलश स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। इसके बाद ही तीन से 25 अक्टूबर तक चलने वाला विधान परम पूज्य आचार्य नवीननंदी जी महाराज के पावन सान्निध्य में प्रारंभ हुआ।

# विवेक विहार के सदस्यों की धार्मिक यात्रा संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समाज विवेक विहार के सदस्यों ने दिल्ली की धार्मिक यात्रा की ।समाज सहसचिव नरेश जैन मेड़ता ने बताया कि ब्रह्मचारिणी पूर्णिमा दीदी एवं जय श्री दीदी के सानिध्य में आचार्य सुनील सागर जी महाराज के दर्शन करने के लिए प्रातकाल 5:00 बजे समाज के श्रावक, श्राविकाएं एवं युवा वर्ग जयकारा लगाते हुए दिल्ली की ओर प्रस्थान हुए ।बस के संयोजक दीपक सेठी एवं पंकज रारा ने बताया कि बस का पहला स्टॉपेज तिजारा में हुआ जहां पर सभी यात्रियों ने चंद्रा प्रभु भगवान के दर्शन, सामूहिक पूजन ,एवं सामूहिक आरती की गई। शाम को दिल्ली पहुंचने पर सभी सदस्यों ने आचार्य गुरुवर सुनील सागर जी महाराज के दर्शन किए ।इस अवसर पर दशलक्षण पर्व संयोजक दीपक सेठी, सचिव सुरेंद्र पाटनी ने 10 दिन में हुए कार्यक्रम की जानकारी गुरुवर को दी एवं विवेक विहार मंदिर कमेटी की ओर से आचार्य श्री को फोटो फ्रेम मोमेंटो देकर उनका आशीर्वाद लिया ।इस मौके पर संगीतकार संजय जैन लाडनू के निर्देशन में आचार्य गुरुवर सुनील सागर महाराज की संगीतमय आरती की गई ।आरती के दौरान सभी सदस्यगण भाव विभोर होकर भक्ति करने लगे और आनंद और उल्लास के साथ में गुरुवर की आरती उतारी गई *इस अवसर पर आचार्य गुरुवर सुनील सागर महाराज ने सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिया इस अवसर पर समाज के पदाधिकारीगण ने ब्रह्मचारी पूर्णिमा दीदी एवं जय श्री दीदी का दशलक्षण पर्व में जयपुर प्रवास करने पर आभार प्रकट किया।

# अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह का चतुर्थ दिवस पर्यावरण शुद्धि दिवस के रूप में मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आज अणुव्रत समिति जयपुर द्वारा महाप्रज्ञ इन्टरनेशल स्कूल, निर्माण नगर में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह का चतुर्थ दिवस पर्यावरण शुद्धि दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों एवं समिति सदस्यों द्वारा अणुव्रत गीत का संज्ञान किया गया एवं समिति अध्यक्ष गोलछा ने अणुव्रत आचार संहिता का वाचन के साथ समागत अतिथियों, उपस्थित समिति सदस्यों, विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। गोलछा ने बताया कि अणुव्रत का आशय छोटे छोटे नियमों से है। अगर इन नियमों को हम अंगीकार कर लें तो हर कठिनाई का सहजता से सामना कर सकते हैं। पर्यावरण शुद्धि दिवस पर उपस्थित सभी जनों को अणुव्रत आचार संहिता के ग्यारहवें व्रत ''मैं पर्यावरण की समस्या के प्रति जागरूक रहूंगा'' की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नवीन भंडारी, ट्रस्टी, श्री राम आशापूरण चेरिटेबल ट्रस्ट ने कहा औद्योगिक विकास होने के साथ साथ अनावश्यक खनन को रोका जाना चाहिए। पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता डा. सीताराम गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि अंधाधुंध पेड़ों की कटाई को रोका जाना चाहिए। अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने चाहिए। पेड़ हमें प्राणवायु आक्सीजन देता है। लकड़ी के विकल्प के रूप में गोकाष्ट का उपयोग करना चाहिए। गोकाष्ट के उपयोग से जहां एक ओर पेड़ों की कटाई कम होगी वहीं दूसरी ओर पर्यावरण भी शुद्ध रह सकेगा। अंत में शाला प्रिंसिपल श्रीमती नीलिमा गुप्ता ने समागत मेहमानों का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया।

# महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर द्वारा छतरी का वितरण किया गया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अध्यक्ष जे के जैन ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर जयपुर द्वारा आज छतरी का वितरण गुरु नानक पुरा, राजा पार्क में परनामी अस्पताल के सामने फल फ्रूट सब्जी वाले दुकानदार राधेश्याम गुप्ता को धूप व बरसात से बचने के लिए महावीर इंटरनेशनल द्वारा छतरी वितरित की गई ।सचिव राजेश बड़जात्या ने अवगत कराया कि इस अवसर पर कोषाध्यक्ष धनु कुमार जैन , अशोक सोगानी आदि गणमान्य महानुभाव उपस्थित थे ।

# दुबई में दशलक्षण महापर्व 2023 का भव्य आयोजन





**दुबई. शाबाश इंडिया**

दुबई में दशलक्षण महापर्व अरिहंत मित्र मंडल के तत्वावधान में 19 सितंबर 2023 से 28 सितंबर 2023 तक बहुत ही हर्षोल्लास, पूजा, तपस्या, आराधना एवं भक्ति के साथ संपन्न हुए। इस वर्ष दशलक्षण महापर्व के लिए जयपुर से पंडित विमल कुमार जी जैन एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमति माधुरी जैन का सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रतिदिन सुबह अभिषेक, शांतिधारा के पश्चात संगीतमय पूजन एवं दशलक्षण महाविधान का आयोजन बहुत ही उत्साह पूर्वक रहा। प्रतिदिन सायंकाल सामुहिक आरती के पश्चात पंडित जी एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा प्रतिक्रमण एवं दश धर्मों पर आधारित प्रवचन बहुत ही ज्ञानवर्धक रहे। प्रतिदिन अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें ज्ञानशाला के बच्चों की विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां, भजन प्रस्तुति, भाषण, नाटिकाएं मुख्य रहे। सभी कार्यक्रमों में 150 से अधिक परिवारों ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया। राजेंद्र-रेखा सोगानी ने बताया कि सबसे प्रेरणादायक बात ये रही कि दशलक्षण पर्व के दौरान करीब ग्यारह श्रावक-श्राविकाओं ने दश दिन के उपवास एवं बीस जनों ने पांच एवं अधिक उपवास किए। इस क्रम में बच्चे भी पीछे नहीं रहे करीब पन्द्रह बच्चों ने व्रत उपवास के साथ धर्म की आराधना की।

## अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो को फतेह कर लौटने पर पर्वतारोही भवानी सिंह शेखावत का भव्य स्वागत





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सीकर जिला मुख्यालय शहर सीकर के वासी लाडले पर्वतारोही भवानी सिंह शेखावत द्वारा अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी किलिमंजारो को फतेह करके मूल गांव पालवास (सीकर) राजस्थान और भारतवर्ष का नाम रोशन किया। सीकर के पर्वतारोही भवानी सिंह शेखावत अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो को फतेह करने के लिए पांच सदस्य पर्वतारोही दल का नेतृत्व करते हुए 5 सितंबर को प्रातः 9:00 बजे अपने मिशन पर रवाना हुए थे। 10 सितंबर को उनका मिशन अफ्रीका समय अनुसार सायंकाल 6:00 बजे किलिमंजारो पर्वत के शिखर 5895मीटर पर पहुंचा। इस तरह भवानी सिंह ने अपने मूल गांव पालवास सहित अपने वर्तमान वास सीकर, राजस्थान और राष्ट्र का नाम गौरवान्वित किया। पर्वतारोही भवानी सिंह ने बताया कि इस दल में भारत सहित अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से पांच सदस्य शामिल थे।जिसमें मेरे साथ भारत के ही बेंगलुरु से आदित्य इस दल में थे। इस पर्वतारोही दल का नेतृत्व करने का सौभाग्य भवानी सिंह को मिला। यहा किलिमंजारो का तापमान माइनस 10-15 रहता है। विपरीत वातावरण परिस्थितियों में भी हमारा दल माइनस तापमान का मुकाबला करते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ता रहा।भवानी सिंह ने अइश्क्टअर मे ट्रेनिंग की थी। माउंट कीलीमंजारो की ऊचाई 5895 मीटर है। (19340 फिट) भवानी सिंह इससे पहले उत्तराखंड का हनुमान टीला और एवरेस्ट रीजन पर भी चढ़ाई कर चुके है। अगला लक्ष्य माउंट एवरेस्ट का है। उक्त पर्वतारोहण अभियान से लौटने पर भवानी सिंह का सीकर क्षेत्र के उनके पैतृक गांव पालवास में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों ने श्रद्धेय महंत चंद्रमा दास महाराज के सानिध्य में भव्य स्वागत सम्मान अभिनंदन किया। इस स्वागत सम्मान अभिनंदन समारोह में पूर्व विधायक गोवर्धन वर्मा ,एडवोकेट हनुमान सिंह पालवास, प्रधान प्रतिनिधि मूलचंद रणवा, पूर्व जिलाउप प्रमुख शोभ सिंह अनोखूं, सरपंच गोवर्धन लाल बाजिया, भाजपा नेता रणवीर सिंह टाटनवा, गजेंद्र सिंह चारण, उप सरपंच गोपाल सिंह सहित आसपास के विभिन्न ग्रामीणजनऔर खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## आचार्य वसुनन्दी के 56वें अवतरण दिवस पर धर्म जागृति संस्थान के सदस्यों द्वारा किया गया श्रीफल भेंट



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जाग्रति संस्थान प्रान्त राजस्थान के पदाधिकारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के नेतृत्व में फरीदाबाद में मंगलवार को अभिक्षण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री 108 वसुनन्दी महाराज के 56वें अवतरण दिवस पर अर्घ्य बोलते हुए शत शत नमन तथा वंदन करते हुए श्रीफल भेंट किया ।आचार्य श्री ने संस्थान के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान किया । राष्ट्र संत आचार्य श्री 108 विद्यानन्द जी मुनिराज के सुयोग्य शिष्य एवं विश्व भर में मीठे प्रवचन कर्ता के नाम से विख्यात फरीदाबाद में ससंघ चातुर्मास रत आचार्य श्री 108 वसुनन्दी जी महामुनिराज ने अपना आत्म कल्याण का मार्ग बाल्य अवस्था से ही चुन लिया था और 21 वर्ष की अवस्था में 1989 में ही मुनि दीक्षा ग्रहण कर ली थी । आचार्य श्री की प्रेरणा से ही साधु सन्त की सेवार्थ इस संस्थान का रास्ट्रीय स्तर पर गठन हुआ था । इस अवसर संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन चौधरी कोषाध्यक्ष पंकज लुहाड़िया अधिष्ठाता डा. शीतल चंद जैन ,राहुल जैन ,मधु जैन अलवर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।